**Conditions of Service of Scavengers**

+

*935. **Shri Madhu Limaye:**
**Shri S. M. Banerjee:**
**Dr. Ram Manohar Lohia:**
**Shri George Fernandes**

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state

(a) whether Government have collected any material about the conditions of service and pay-scales of the scavengers in the various States, and

(b) if so, the details thereof?

**The Minister of Labour and Rehabilitation (Shri Hathi):** (a) and (b) No, Sir, but the National Labour Commission has recently set up a Committee to study the working and service conditions of Sweepers and Scavengers

The National Labour Commission is expected to submit its report by December, 1968 when the details of the report of this Committee also will be available

श्री मधु लिमये अध्यक्ष महोदय मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मस्तक पर मैला ढोने की यह प्रथा हमारे लिए लाछन है । इसलिए मैं मंत्री महोदय से यह निश्चित आश्वासन चाहता हूं कि वह राज्य सरकारों के सहयोग से इस प्रथा को कब तक खत्म कर देंगे ।

श्री हाथी इस काम को सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट देख रहा है । उस ने इस बारे में स्टेट गवर्नमेंट्स को लिखा भी है स्टेट गवर्नमेंट्स से जो सहयोग मिल रहा है, उससे यह मालूम होता है कि इस सम्बन्ध में कुछ आगे प्रगति हो सकेगी ।

श्री मधु लिमये मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इन लोगों की तनख्वाह आदि में बढ़ोतरी करने के लिए दी जाने वाली रकम में वृद्धि करेगी, जिससे अन्य लोग भी यह काम करने के लिए सामने आयें और यह जाति प्रथा और छूत अछूत का सारा मामला खत्म हो जाये ।

श्री हाथी जैसा कि मैंने कहा है, इस काम को डिपार्टमेंट आफ सोशल वेलफेयर देख रहा है कि म्यूनिसिपैलिटीज को कितनी सहायता दी जानी चाहिए आदि । इसीलिए मैंने स्पीकर साहब को लिखा है कि इस सवाल के दूसरे दो हिस्सों को उस डिपार्टमेंट को ट्रांसफर कर दिया जाये ।

श्री मधु लिमये वह प्रश्न कब आयेगा ? क्या वह इसी क्रम से आयेगा ?

**Shri S. M. Banerjee** I would like to know whether it is a fact that Shri Jagjivan Ram, when he was the Labour Minister, promised to appoint a Wage Board and not this sort of a committee or pilot scheme and so on, for the welfare and upliftment of the scavangers, and if so, I would like to know why that particular assurance was not translated into action and why this committee has been appointed, and also whether a Wage Board will be appointed even after the submission of this report

**Shri Hathi:** It is true that Shri Jagjivan Ram did announce that he would appoint a committee, a Study Group, to look into the service conditions, wages and everything so far as sweepers and scavangers were concerned But ultimately when we appointed a national commission, this part also was included within its scope Therefore, the study group which was proposed to be appointed for that very purpose is now working as a committee set up by the national commission. Therefore, this committee will look into all that

श्री सरजू पाण्डेय : मंत्री महोदय ने बताया है कि एक नया स्टडी ग्रुप लेकर कमीशन की ओर से बनाया गया है । क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि क्या इसके पहले

भी कभी स्केवेंजर्स के बारे में किसी समिति का गठन हुआ था और क्या उसने कभी अपनी रपट दी थी, यदि हां, तो उस रपट को अमल में लाने के लिए सरकार ने क्या किया और क्या यह सच है कि वह रपट आज तक अमल में नहीं लाई गई है ?

**Shri Hathi**: There were committees appointed previously also One of them was appointed as far back as 1954 and its report is now obsolete and, therefore, we have nothing much to do on that The other committees were appointed by the Health Ministry and they were with reference to the question asked by Shri Madhu Limaye about the carrying of night soil in baskets On that, that Ministry has taken certain decisions, and is giving assistance to the State Governments to discontinue the practice of carrying night soil in baskets

श्री मधु लिमये : उन समितियों की रिपोर्ट्स सदन की टेबल पर रखी जायें, ताकि हमें पता चले कि उन के निष्कर्ष क्या हैं ।

**Shri Hathi**: It is for that Ministry

श्री मधु लिमये : समद्-कार्य मंत्री बैठे हुए हैं । वह कुछ कहें । वह इन रिपोर्ट्स को टेबल पर रखें ।

**Shri Hathi**: I have not got the report with me That was what I said That is being dealt with by the other Ministry

श्री तुलसीदास जाधव : मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो सिर पर मैला ढोने की पद्धति है, वह देश में अभी तक कहां कहां चालू है और कहां कहां पर उसको बन्द कर दिया गया है और जहां यह पद्धति चालू है, उसको बन्द करने के लिए सरकार स्टेट गवर्नमेंट को कम्पेल क्यों नहीं करती है, क्योंकि स्वतन्त्रता-प्राप्ति के बीस बरस के बाद भी इन लोगों के द्वारा सिर पर मैला ढोना देश के लिए लज्जास्पद है । क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में स्टेट गवर्नमेंट्स को लिखा है ?

श्री हाथी : जी हां, लिखा है ।

श्री तुलसीदास जाधव : मैंने यह भी पूछा है कि यह पद्धति कहां कहां चालू है ।

श्री हाथी : वह इन्फ़र्मेशन मेरे पास नहीं है । I would clarify the position so that supplementary may not be asked The main question consists of four parts Part (a) relates to the pay scales and service conditions of the scavangers That is a subject which is being dealt with by the Labour Ministry Part (b) is whether Government have given any assistance to the State municipalities and other local bodies That subject is being dealt with by the Health Ministry Part (c) is whether Government have advised the States to discontinue the practice of carrying night soil in baskets That is dealt with by the Department of Social Welfare and the Health Ministry

Therefore I had told Shri Madhu Limaye and also Shri S M Banerjee that I would get the information and reply to the question But it may be that I may not be able to do justice to it because I am not dealing with the subject Supposing an assurance is asked for from me could I give the assurance on certain aspects if I am not dealing with those aspects? Therefore, I had made this request to both the Members and I had requested you, Sir, also and you were also pleased to agree. I am grateful to the Members and also to you for agreeing that the other parts of the question namely parts (b) (c) and (d) may be transferred to the other Ministries, and I may reply only to part (a)

श्री तुलसीदास जाधव : अध्यक्ष महोदय मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है ।

**Mr Speaker**: The hon Minister has answered the question already

श्री तुलसीदास जाधव : आप मेरा पायंट आफ आर्डर सुन तो लीजिये ।

**Mr. Speaker**: He has answered the question very well already

**श्री तुलसीदास जाधव**  मगर कोई सदस्य ऐसा सवाल पूछता है, जिसमे दो तीन मिनिस्ट्रीज से सम्बन्धित बातें हो, तो यह आपके आफ़िस का काम है कि वह उस सवाल को हर एक मिनिस्ट्री के पास भेज दे या फिर मिनिस्टर साहब हाउस मे सवाल का जवाब देने से पहले सब मिनिस्टरो से विचार करके जवाब दिया करे ।

**Mr. Speaker**: He need not explain the procedure  This is the Question Hour

**श्री तुलसीदास जाधव** : जब ऐसे सवाल पूछे जाये, तो आपके आफ़िस का कर्तव्य है कि वह सब सम्बन्धित मिनिस्ट्रीज को सवाल भेज दे ।

**Mr. Speaker**: May I request the hon Member to sit down? The other parts would be replied to later on by Government

**Shri Ranga**: In view of the fact that this task is such a subhuman and inhuman thing and it is already high time that we should have got rid of it. may I know why it is that Government have thought it fit to transfer this activity, as mentioned in part (c) of the question to another Minister? Does it not really fall within the purview of the Labour Ministry because it is that Ministry which has to consider the conditions of work of workers? If anybody is to be treated as a worker at all, then it is these people who are to be called worker, and these are the most suppressed and the most neglected people. So, would Government consider the advisibility of the Labour Ministry itself taking over this work instead of passing the buck to somebody else?

**Shri Hathi**: So far as the working conditions of these workers are concerned, whether it may be housing or unhygienic conditions of service or other conditions of service, whether it may be carrying of the night soil and so on, that also would be a part of the work of this committee to examine. Then we shall certainly discuss as to what action needs to be taken by the Government as a whole. Whether it may be this department or another department, so far as the working conditions in whatever capacity are concerned, certainly it will be our endeavour to see that when the report of the committee is submitted, whatever they recommend, we shall, in consultation with other departments, do it  I agree with that.

**Shri P. Venkatasubbaiah**: These deplorable conditions of the suppressed people of the society remain unsolved and the Ministry will go on finding out who has to deal with it  In many cases, municipalities and local bodies plead their inability to implement these recommendations because of paucity of funds  May I know whether Government will treat it as a social problem, apart from other matters, and try to provide enough financial assistance to solve it?

**Shri Hathi**: Yes, so far as I have been able to collect information, the Ministry concerned is giving assistance to the different States for this purpose

**श्री एस० एम० जोशी** : क्या मंत्री महोदय बता सकते हैं कि यह काम जब इतना खराब है, सिर पर ढोने का काम इन्सान के करने के लायक नही है, तब क्या यह सोचना उचित नहीं है कि इस काम को गैर कानूनी किया जाय ?

**Shri Hathi**: It is a suggestion for action  It is also a matter for consideration

**श्री रणधीर सिंह**  टट्टी साफ करने या उस को सिर पर ढोने का काम हमारे समाज में सब से घटिया और सब से कम इज्जत का काम है और जो लोग इस काम को करते हैं वे इस देश में सब से गरीब तरीन तबका है । मैं, अध्यक्ष महोदय, एक सीधी तजवीज आपकी मारफत लेबर मिनिस्टर साहब के

सामने रखना चाहता हूं क्या कोई ऐसी तजवीज सरकार के पास है कि इस काम के करनेवालों को दूसरे मजदूरों के मुकाबले दुगनी तनख्वाह या उजरत दी जाय ? क्या सरकार कम से कम छह सौ रुपये माहवार इन चाकरों को देने के लिये तैयार है ?

**Shri Hathi** : The Committee which we have set up will consider it

**डा० राम मनोहर लोहिया** : क्या सरकार ने जानकारी इकट्ठी करते वक्त एक सवाल की जानकारी ली है कि मेहतरों की तनख्वाह 250-300 रु० महीने के आस-पास इस लिये की जाय कि जिससे जाति प्रथा खत्म हो और ऊंची जाति के लोग भी इस काम में आ सकें। मैंने 250-300 रु० माहवार इसलिये कहा है कि बम्बई के गिरनी-कामदार कपड़ा बनानेवाले मजदूरों को या टाटानगर के मजदूरों को कम से कम तनख्वाह 250-300 रु० है, इस लिये मैंने 250-300 रु० रखा है, वैसे आप ज्यादा रख सकते हैं। अगर यह जानकारी हासिल नहीं की है तो इस पर अभी तक सोच-विचार क्यों नहीं किया गया, उसका क्या कारण है ? अगर सोच-विचार किया गया है तो सरकार किस नतीजे पर पहुंची है—यह मैं जानना चाहता हूं ?

**श्री जयसुख लाल हाथी** : अभी तक 250-300 रु० के बारे में, मेरा ख्याल है, सोच विचार नहीं किया गया है। लेकिन उनको वेजेज क्या होनी चाहिये, उन के काम को प्रथा कैसी होनी चाहिये, उस को सुधारने के बारे में क्या करना चाहिये; इन सब बातों के लिये एक कमेटी सेट-अप की गई है और वह सारी बातों को देख रही है।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : अध्यक्ष महोदय, मैं आप का ध्यान खींचना चाहता हूं। मैंने एक विशेष प्रश्न पूछा है जिसका सम्बन्ध तनख्वाह और जाति प्रथा से था। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि वह 250-300 रु० महीना कम से कम तनख्वाह इन मेहतरों को दिलवाने के लिये तैयार हैं ताकि जाति प्रथा का नाश हो और ऊंची जाति के लोग इस काम में आयें—मुझे इसका जवाब चाहिये।

**श्री जयसुख लाल हाथी** : मैंने कहा है कि जिस कमेटी को यह काम सुपुर्द किया गया है, वह इस को देखेगी। आपका जो सुझाव है वह मैं उस कमेटी के पास

**डा० राम मनोहर लोहिया** : मेरा सुझाव नहीं .

**श्री जयसुख लाल हाथी** : आपके सुझाव को उस कमेटी को भेज दूंगा।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : अध्यक्ष महोदय, मेरा सुझाव कह कर देंगे तो उस से काम नहीं चलेगा। अपना सुझाव कह कर भेजेंगे या नहीं—यह मेरा सवाल है। मेहरबानी कर के आप इस में मेरी मदद कीजिये—यह मेरा सुझाव है या हाथी जी का सुझाव है—इस पर आप निर्णय दीजिये।

**अध्यक्ष महोदय** : क्वेश्चन आपका है, आनसर मिनिस्टर का है।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : हाथी साहब मान लेते हैं कि अपना सुझाव कर के भेजेंगे, तब तो ठीक है।

**श्री शिवचन्द्र का प्रसाद** : अध्यक्ष महोदय, आपके द्वारा मैं लोहिया साहब को जानकारी देना चाहता हूं कि जमशेदपुर में किसी को अढ़ाई तीन सौ रुपये मजदूरी नहीं मिलती है, अभी तक केवल टिस्कों में किसी तरह सौ सवा सौ के बीच मजदूरों को निम्नतम मजदूरी प्राप्त हो पायी है।

**श्री रामावतार शास्त्री** : अध्यक्ष महोदय, सूदखोर जो मेहतरों को कर्जा देते हैं, जब उन को तनख्वाह मिलती है, तनख्वाह मिलते ही

सारा रुपया उन से छीन लेते है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या कोई इस तरह की योजना सरकार के विचाराधीन है, जिसके तेहत मेहतरों को कर्जखोरों और सूदखोरों के पंजे से बचाया जा सके, ताकि जो भी रुपया उनको मिलता है, वे उस का सदुपयोग कर सकें, अपने बाल-बच्चो की परवरिश में उस को लगा सके ?

**Shri Hathi**: I think the hon. Member's suggestion is that if these people are being exploited, certainly something should be done We shall consider this also

**Shri Sonavane**: Government had appointed this committee to go into the working conditions of the scavengers Have the recommendations of this committee been accepted by the Government? What steps are taken against the defaulting municipalities or corporations which do not follow these recommendations?

**Shri Hathi**: This question may be addressed to the Health Ministry.

**Shri K. M. Abraham**: May I know from the Minister whether the Government are proposing to give some interim relief to these workers before the final decision on the committee's recommendations?

**Shri Hathi**: No, there is no question of any interim relief and we are awaiting the report of the committee

### दूरस्थ नगरों के साथ सीधा टेलीफोन करने की व्यवस्था के लिये टेलीफोन का साज-सामान

+

*936. श्री स० चं० सामन्त :
श्री स० कु० किस्कु :
श्री ह० मा० माझी :
श्री त्रिदिब कुमार चौधरी :
श्री यशपाल सिंह :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने दूरस्थ नगरों के साथ सीधा टेलीफोन करने की व्यवस्था के लिये अभी विदेशों से साज-सामान का आयात करना है ;

(ख) यदि हां, तो कितना ; और

(ग) भारत कब तक अपनी आवश्यकता का पूरा साज-सामान देश के अन्दर ही बनाने में आत्म-निर्भर हो जायेगा ?

**The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral)**: (a) No, Sir Generally no imports are required The exceptions to this are made when for reasons of economy equipments utilising latest techniques are imported

(b) Less than ten per cent in value and confined essentially to one type of microwave equipment and the 2700 circuit coaxial line equipment

(c) The microwave system has been designed and the 2700 circuit transistorised coaxial line equipments has been taken up for design in the Telecommunication Research Centre These will become available progressively within three years.

श्री स० चं० सामन्त : सरकार को सन 1967 के अन्दर नई दिल्ली के साथ इलाहाबाद, श्रीनगर और जम्मू से सीधी टेलीफोन की व्यवस्था करनी थी। मैं जानना चाहता हूं कि क्या वह व्यवस्था हो गई है ? यदि हो गई है तो उस में कितने प्रतिशत साजो-सामान देशी बनाया हुआ इस्तेमाल किया गया है ?